सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 आषाढ़ 26, गुरुवार, शाके 1947–जुलाई 17, 2025 अंक 16
Vol. 77 Asadha 26 , Thursday, Saka 1947–July 17, 2025 No. 16

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं, श्रीमती आशा पत्नी श्री विजय सिंह, उम्र–37 वर्ष, जाति–कोली, निवासी–1254/8, नई बस्ती, रामबाग, अजमेर (राज.) शपथपूर्वक निम्न बयान करती हूं कि :–

1. यह कि मेरे पूर्व पति नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह का देहांत दिनांक 02.05.2020 को हो जाने के पश्चात् मेरा पुर्नविवाह श्री विजय सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह के साथ 08.07.2022 को सम्पन्न हुआ, तब से मैं श्री विजय सिंह के साथ उनकी पत्नी की हैसियत से निवास करती चली आ रही हूं।
2. यह कि मेरे पूर्व पति से मेरे एक पुत्र वैदिक एवं दूसरा पुत्र जिगनेश उत्पन्न हुए, जिनके जन्म प्रमाण–पत्र एवं विद्यालय के रिकॉर्ड में वर्तमान में भी उनके पूर्व पिता श्री नरेन्द्र का ही नाम चला आ रहा है, जबकि मेरे पूर्व पति नरेन्द्र का देहांत हो जाने के पश्चात् मेरा विवाह विजय सिंह के साथ सम्पन्न होने के बाद विजय सिंह ने मेरे पूर्व पति से उत्पन्न उक्त दोनों संतानों को अपनी संतान के रूप में ग्रहण कर लिया गया।
3. यह कि चूंकि अब मेरी उक्त दोनों संतानों के जन्म प्रमाण–पत्र, आधारकार्ड, शैक्षणिक दस्तावेज, राशनकार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरे वर्तमान पति श्री विजय सिंह का नाम गजट नोटिफिकेशन के जरिए परिवर्तित करवाने के संदर्भ में यह शपथ–पत्र दे रही हूं।

अजमेर
दिनांक :– 06.05.2025

Asha
शपथग्रहीता

सत्यापन

मैं, श्रीमती आशा उपरोक्त शपथग्रहीता एतद्द्वारा सत्यापित करती हूं कि उपरोक्त शपथ–पत्र की चरण संख्या 1 लगायत 3 तक में वर्णित कथन मेरी निजी जानकारी में सही एवं सत्य हैं।

अजमेर
दिनांक :– 06.05.2025

Asha
शपथग्रहीता

ATTESTED
LALIT KUMAR CHOUHAN
06-05-2025
NOTARY PUBLIC, AJMER.
8513

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।